www.mpboardonline.com

# अर्धवार्षिक परीक्षा 2015–16

कक्षा – दसवीं

विषय – हिन्दी

समय : 3 घण्टा पूर्णांक : 100

*निर्देशः सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।*

**प्र.1 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

क. वनो और बागो में ............................ का विस्तार है।

ख. वसंत के आने पर .......................... तान भरती है।

ग. दयामयी माता के तुल्य .......................को माना गया है।

घ. शांत रस का स्थायी भाव ...............................है।

ड. समास .........................प्रकार के होते है।

**प्र.2 सही जोड़ी मिलाइए–**

| | | |
|---|---|---|
| क. सच्चा धर्म | – | श्री लाल शुक्ल |
| ख. परीक्षा | – | पद्माकर |
| ग. पहली चूक | – | राम नारायण उपाध्याय |
| घ. ऋतु वर्णन | – | शेठ गोविन्ददास |
| ड. मेरे गाँव की सुख और शांति किसने छीन ली | – | प्रेम चन्द्र |

**प्र.3 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य या शब्द में लिखिए।**

क. कवि ने हिमालय की झीलों में किसको तैरते हुए देखा है?

ख. भक्ति किस प्रकार के लोगों से नहीं हो सकती?

ग. चलने से पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए?

घ. 'आपका नाम बाजरा तो नहीं है' यह कथन किसने किससे पूछा?

ड. गाँधी द्वारा स्थापित आश्रय का नाम लिखिए।


www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

**प्र.4 निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनिए–**

1. लेखक ने संगीत का जन्म माना है–

   क. अच्छाई से  ख. गीत से  ग. श्रम से  घ. बुराई से

2. 'उपासना करने वाला' उपासक कहलाता है।

   क. हाँ  ख. नही

3. परोपकारी व्यक्ति योग्य होता है।

   क. अपमान के  ख. सम्मान के  ग. परोपकार के

4. पुरूषोत्तम था।

   क. शिवाजी का पुत्र  ख. दिल्ली निवासी एक महाराष्ट्रीय ब्राह्मण

   ग. गुप्तचर

5. हिन्दी साहित्य में प्रेमचन्द्र जाने जाते है।

   क. उपन्यास सम्राट के नाम से  ख. कहानी सम्राट के नाम से

**प्र.5 निम्नलिखित वाक्यों में से सत्य–असत्य छाँटकर लिखिए।**

1. सेठ गोविन्द दास का संबंध म.प्र. से है।
2. महाराणा लाखा की प्रतिज्ञा पूर्ण हुई
3. 'परीक्षा' कहानी के लेखक श्री लाल शुक्ल है।
4. देवगढ़ रियासत के दीवान सरदार सुजान सिंह थे।
5. गाँव का आदमी निरक्षर भले ही हो लेकिन सुसंस्कृत होता है।

**प्र.6 रस की परिभाषा दीजिए और इनके अंग लिखिए।**

अथवा

श्रृंगार रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**प्र.7 उपमा अलंकार किसे कहते है? उदाहरण सहित लिखिए।**

अथवा


www.mpboardonline.com

अनेक के लिए एक शब्द लिखिए।

1. वह वस्तु जिसके आर–पार देखा जा सके।
2. जो ईश्वर में आस्था रखता हो।
3. जो उच्च कुल में पैदा हुआ है।

**प्र.8 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए।**

1. राम मोहन से बड़ा है (निषेधात्मक)
2. वह चुनाव में सफल रहा। (प्रश्नवाचक)
3. तुम्हे गीता की मदद करनी चाहिए। (आज्ञावाचक)

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए।

1. परमात्मा के अनेकों नाम है।
2. लक्ष्मीबाई एक तेजस्वी महिला थी।
3. हम अपने भाईयों में सबसे बड़े है।

**प्र.9 महाकाव्य और खण्डकाव्य में अन्तर लिखिए।**

अथवा

भारतेन्दु युग के निबंधो की विशेषताएं लिखिए।

**प्र.10 कबीर ईश्वर से क्या माँगते है?**

अथवा

चलने से पूर्व बटोही को कवि किन–किन बातों के लिए आगाह कर रहा है?

**प्र.11 कवयित्री वीरो के लिए किस तरह बसंत का आयोजन करना चाहती है?**

अथवा

'निशाकाल से चिर अभिशापित' किसे कहा गया है? और क्यो?

**प्र.12 गाँव के सुसस्कृत आदमी की पाँच विशेषताएं लिखिए।**

अथवा

पुरुषोत्तम के समक्ष कौन–सा धर्म संकट उपस्थित हुआ।

**प्र.13 'वीरसिंह का चरित्र मातृभूमि के सम्मान की शिक्षा देता है' इस कथन को सिद्ध कीजिए।**

अथवा

'परीक्षा' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

**प्र.14 'कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते है।' कथन की विवेचना कीजिए।**

अथवा

यक्ष ने आशीर्वाद देते हुए युधिष्ठिर से क्या कहा।

**प्र.15 कवि ने बेटियों को गोरव कथाएँ क्यों कहा है?**

अथवा

स्वर्ग की नींव का पता किस प्रकार लग सकता है?

**प्र.16 निम्नलिखित पंक्तियों की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।**

मान्य योग्य नहिं होत कोऊ कोरो पद पाए।

मान्य योग्य नर ते जे केवल परहित जाए।।

अथवा

दुर्बल को न सताइए, जाकि मोटी हाय।

भरी चाम की श्वांस से, लौह भसम् ह्वे जाय।।

**प्र.17 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।।**

शास्त्रों में सत्य और असत्य की व्याख्या बड़ी बारीकी से की गई है। अनेक बार सत्य के स्थान पर मिथ्या भाषण सत्य से भी बड़ी वस्तु होती है। जीवन में धर्म से बड़ी कोई चीज नहीं है। धर्म की रक्षा यदि असत्य से होती है तो असत्य सत्य से बड़ा हो जाता है।

अथवा


www.mpboardonline.com

जिनकी खाल मोटी होती है, उनके लिए किसी भी बात में कोई भी अपयश, कलंक या अपमान का कारण नहीं होता किन्तु जो आन को प्राणो से बढ़कर समझते है। वे पराजय का मुख देखकर भी जीवित रहें, यह कैसी उपहासजनक बात है। सुनो अभयसिंह जी, मैं अपने मस्तक के इस कलंक के टीके को धो डालना चाहता हूँ।

**प्र.18 सुभद्रा कुमारी चौहान अथवा रामधारी सिंह दिनकर का काव्यगत परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए।**

1. दो रचनाएँ 2. भाव पक्ष 3. कक्षा पक्ष

**प्र.19 श्री लाल शुक्ल अथवा रामनारायण उपाध्याय का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए।**

1. दो रचनाएँ 2. भाषा–शैली 3. साहित्य में स्थान

**प्र.20 प्रगतिवादी काव्य की विशेषताएँ लिखिए।**

अथवा

संधि और समास में अंतर लिखिए।

**प्र.21 छायावादी काव्य की विशेषताएँ लिखिए।**

अथवा

नाटक और एकांकी में अंतर लिखिए।

**प्र.22 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

व्यक्ति का मन शक्ति सम्पन्न है। व्यक्तियों को अपना लक्ष्य सदा ऊँचा रखना चाहिए। हमारा मन दर्पण है। मन में मनन करने की शक्ति होती है। मन चंचल है, वह प्रतिक्षण कुछ न कुछ सोचता रहता है। मन हमें निष्क्रिय होकर नहीं बैठने देता। दृढ़ इच्छा शक्ति से कठिन से कठिन कार्य पूर्ण हो जाता है।

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
2. अपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**प्र.23 अपने मित्र को हाई स्कूल परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने पर एक बधाई–पत्र लिखिए।**

www.mpboardonline.com

अथवा

बुक बैंक से पुस्तके मँगाने के लिए प्राचार्य महोदय को एक पत्र लिखिए।

**प्र.24 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंधव शेष बचे विषयों में से किसी एक विषय पर रूप रेखा बनाइए।**

1. पर्यावरण प्रदूषण कारण और निदान
2. विज्ञान का जीवन का प्रभाव
3. जीवन में खेलों का महत्व
4. आधुनिक भारत में नारी


www.mpboardonline.com